आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 06.01.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भारतीय रेलवे का विकास है बहुत जरूरी ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'पीएम जनमन योजना' के अंतर्गत 21 जिलों में 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया शुभारंभ।
- राष्ट्रीय युवा उत्सव 10 जनवरी से नई दिल्ली होगा आयोजित, प्रदेश में शुरू हुआ राज्यस्तरीय उत्सव ।

  और
- प्रदेश भर में उत्साह से मनाया गया गुरू गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व पर।

पीएम - रेल परियोजनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में लगा हुआ है और इसके लिए भारतीय रेलवे का विकास बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछला दशक भारतीय रेलवे के प्रत्यक्ष परिवर्तन का दशक रहा है और इसने देश की छवि को बदल दिया है।

'पीएम जनमन योजना'-मेडिकल यूनिट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में 'पीएम जनमन योजना' के अंतर्गत 21 जिलों में 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक जिले में बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों. उन्होंने बताया कि पीएम जनमन

योजना के अंतर्गत शुरू किए गए मेडिकल यूनिट चलते-फिरते अस्पताल हैं। इनके माध्यम से चिन्हित जिलों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट की लागत 33 लाख 86 हजार रूपये है। इन यूनिट से 87 विकासखंड के 1 हजार 268 गांव की लगभग 3 लाख से अधिक की आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

राज्यपाल राष्ट्रिय कला उत्सव

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि देश की सांस्कृतिक समृद्धि का महत्वपूर्ण स्त्रोत बहुरंगी कलाएं है। यह हमारे अंदर की कोमल भावनाओं को जगा कर हमें मनुष्यता का पाठ पढ़ाती है। कलाएं हमारी परम्पराओं, विरासतों, रीति-रिवाजों, संस्कारों, धर्म, समाज, भाषा आदि की विशिष्टताओं को सहेजती और संरक्षित रखती हैं।

राज्यपाल क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान परिसर भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर देशभर के विजेता छात्र-छात्राओं को कला की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किये ।

राष्ट्रीय कला उत्सव का आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और एन.सी.ई.आर.टी. के सहयोग से 3-6 जनवरी तक किया गया। कला उत्सव में भारत के केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और एकलव्य विद्यालय के लगभग 6 सौ प्रतिभागी शामिल हुए।

छत्तीसगढ-मरे

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज माओवादियों ने सुरक्षा बल के एक वाहन को विस्फोट कर उड़ा दिया जिसमें आठ जवान और वाहन चालक शहीद हो गए। यह घटना बस्तर डिविज़न के कुटरू थाना के अंबेली के पास हुई। अधिकारियों के अनुसार इस वाहन में दंतेवाड़ा से जिला रिजर्व गार्ड-डीआरजी के करीब 15 जवान संयुक्त अभियान चलाने के बाद लौट रहे थे, तभी कुटरू-बेदरे मार्ग पर माओवादियों ने दल पर घात लगाकर हमला कर दिया।

एचएमपीवी वायरस-प्रदेश

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भोपाल में नर्सिंग कॉलेजों की कॉउंसलिंग प्रक्रिया एवं मान्यता से संबंधित अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित समय-सीमा के भीतर समस्त प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए । उन्होंने एचएमपीवी वायरस की वर्तमान स्थिति पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुरूप सतत निगरानी रखने और आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की तैयारी रखने के निर्देश दिए।

राज्य स्तरीय युवा उत्सव

28वां राष्ट्रीय युवा उत्सव इस वर्ष 10 से 12 जनवरी को नई दिल्ली के भारतमंडपम में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर के 15 से 29 वर्ष के लगभग 7 हजार 500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महोत्सव में युवाओं से संवाद करेंगे।

वहीँ, 28 वां राज्य स्तरीय उत्सव आज से भोपाल में शुरू हुआ. इस उत्सव के विजेता राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेंगे। इसका शुभारम्भ युवा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया। उन्होंने कहा कि युवा उम्र से नहीं जज्बे से होता है.

बाइट: विश्वास कैलाश सारंग

यह उत्सव 8 जनवरी तक चलेगा। इसमें प्रदेश के 10 संभागों से 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के लगभग 350 युवा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

प्रकाश पर्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुरू गोबिंद सिंह ने देश और धर्म के गौरव की रक्षा तथा मूल धर्म की स्थापना के लिए अपने चार साहिबजादों और परिवार का जो बलिदान दिया उसके लिए संपूर्ण राष्ट्र नतमस्तक है। मुख्यमंत्री सिखों के 10वें गुरू खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारा हमीदिया रोड में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने वीर बाल दिवस 26 दिसम्बर के मौके पर गुरूद्वारा हमीदिया रोड की व्यवस्थाओं को संभालने वाले बच्चों का सम्मान किया। खंडवा में गुरुगोबिंद का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा कलगिधर साहेब आनंद नगर में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया । गुना में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सहित अंचल के विभिन्न इलाकों में भी इस अवसर पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। बैतूल में सरस्वती विद्या मंदिर कालापाठा में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

बीसीसीआई - महिला क्रिकेट

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड - बीसीसीआई ने आयरलैंड के खिलाफ भारत की आगामी तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के लिए 15 सदस्यों की टीम की घोषणा कर दी है। कप्तान हरमनप्रीत कौर और शीर्ष तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर को इस श्रृंखला में आराम दिया गया है। हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में स्मृति मंधाना भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी। एकदिवसीय श्रृंखला दस जनवरी से शुरू होगी ।

- केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 9 एवं 10 जनवरी को तहसील चंदेरी एवं अशोकनगर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेगें ।
- बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित जनजातीय जनपद बिरसा की सोनगुड्डा पंचायत के ग्रामीण युवक और युवतियों के लिए पायलेट प्रोजेक्ट के आधार पर प्रशासन के द्वारा पंचायत भवन में लायब्रेरी प्रारम्भ की गई है।
- निवाड़ी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि माहिष्मती घाट में एक करोड़ की लागत से लाल बलुआ पत्थरों से घाटों का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा।
- मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29, 30 नवंबर और 1 दिसम्बर 2024 को तकनीकी कारणों से रद्द की गई कंप्यूटर प्रोफिशिएंसी सर्टिफिकेशन टेस्ट परीक्षा 11 और 12 जनवरी को आयोजित की जाएगी.
- देवास जिले में ग्राम टिगरिया गोगा, अजीजखेड़ी, गुजरगांव तथा जटाशंकर सहित अन्य ग्रामों में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर का आयोजन हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया गया।

- शहडोल जिले में पंचगांव के पास बिरहुलिया के जंगल में बाघ ने कल एक ग्रामीण को मार डाला है। यहां बाघ के पगमार्क के निशान पाए गए हैं।
- आगरमालवा जिले के सुसनेर स्थित सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कॉलेज चलो अभियान के तहत 12 वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

  और
- भोपाल शहर के प्रभात चौराहे को जाम से मुक्त कराने के लिए सरकार अप्सरा टॉकीज से प्रभात चौराहे तक डबल डेकर फ्लाईओवर ब्रिज बना रही है। पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे ब्रिज में आड़े आ रहे अतिक्रमण को हटाने की आज कार्रवाई की गई।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भारतीय रेलवे का विकास है बहुत जरूरी ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'पीएम जनमन योजना' के अंतर्गत 21 जिलों में 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया शुभारंभ।
- राष्ट्रीय युवा उत्सव 10 जनवरी से नई दिल्ली होगा आयोजित, प्रदेश में शुरू हुआ राज्यस्तरीय उत्सव ।
- प्रदेश भर में उत्साह से मनाया गया गुरू गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व पर।

..................